एक नजर में

## न्यायालय परिसर सरदारपुर में विधिक मध्यस्थता शिविर आयोजित




**सरदारपुर** । न्यायालय परिसर सरदारपुर में विधिक मध्यस्थता शिविर आयोजित किया गया । शिविर में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व जिला जज श्री हेमंत यादव जिला जज श्री अब्दुल्लाह अहमद उपस्थित थे । शिविर को श्री हेमंत यादव श्री अब्दुल्लाह अहमद अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री कमल किशोर वैष्णव भूपेंद्र जोशी आदि ने संबोधित किया । न्यायालयीन प्रकरणों में मध्यस्थता के बारे में विस्तार से संबोधित कर विचार विमर्श किया गया इस अवसर पर अधिवक्तागण सर्वश्री ओसाफ अहमद खान अनिल राठौर अनिल भूरिया दिलीप वसुनिया परवेज खान अजहर शेख वैशाली जोशी मोनिका भाभर व पक्षकार गण उपस्थित थे ।

## अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ आज

**धार.** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा अंडर-15 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगीता का दायित्व धार जिला क्रिकेट एसोसिएशन को सौपा गया है प्रतियोगीता का शुभारंभ माननीय केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर,माननीय विधायक नीना वर्मा,माननीय विजय बहादुर सिंह नन्हे भैया समाजसेवी एवं देवेन्द्र सिंह परमार पुर्व रणजी खिला?ी के आतिथ्य मैं सम्पन्न होगा यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव राजेन्द्र सिंह चौहान ने दी

## पचरुंडी में नवनिर्मित गो अभ्यारण केंद्र का भूमि पूजन संपन्न



**सरदारपुर** । श्री गोपाल कृष्ण गौशाला खुटपला के तत्वाधान में निकट के ग्राम पचरुंडी में नवनिर्मित गो अभ्यारण केंद्र का भुमि पुजन का आयोजन स्वर्गीय संत श्री 1008 श्री रामकरण दास जी महाराज गुफा वाले गुरु जी की प्रेरणा से आपके कृपा पात्र भक्त ग्राम कालीकराय, कुलडीपाडा, बरमखेडी, सेमलखेडी, पचरुंडी, वेलजीपाड़ा, उनडीखाली के सहयोग से भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ इस नवनिर्मित गौ अभ्यारण में लगभग 5000 से अधिक गौ माता विचरण करेगी ऐसा लक्ष्य रखा गया है इस भव्य कार्यक्रम में उक्त गांव के सभी ग्रामीण जन एवं वेद लक्षणा जिला गोरक्षा संगठन के पदाधिकारी एवं सरदारपुर ब्लॉक की गौशाला के संचालक की उपस्थिति में यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ यह जानकारी गौशाला समिति खुटपला के द्वारा दी गई ।।

## लकड़ी के अवैध परिवहन करने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया

**धार,** । वनमंडलाधिकारी श्री विजयानंतम टी.आर के मार्गदर्शन मे रविवार को सबरेंज बगडी मे गश्ती के दौरान राजस्व क्षेत्र पीथमपुर के ग्राम सगडी के पास गीली महुआ की लकडी के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर संतोश कुमार उपाध्याय परिक्षेत्र सहायक बगडी एवं समस्त वन स्टॉफ की टीम के द्वारा जप्ति की कार्यवाही की गई। जिसमे मौके पर पीकअप वाहनों में महुआ की गीली लकड़ी भरी हुई पायी गयी। जिस पर मौके पर आरोपी पिंटु पिता नागरिया निवासी गुगली एवं कालु पिता राजाराम निवासी करोंदिया के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41, 42, 52 एवं म.प्र. अभिवहन 2000 की धारा 14, 20 (3) क, ख के तहत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर वाहन को डिपो नालछा लाकर प्रकरण को आगामी कार्यवाही हेतु विवेचना में लिया गया।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मालवीय 7 नवंबर को धार आएंगे

**धार,** 3 नवंबर 25। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी इन्दौर कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय 7 नवम्बर को प्रात: 11.30 बजे धार दौरे पर आयेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे यहाँ सर्किट हाउस धार में भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं और उनके आश्रितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान करेंगे।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 .0 हेतु जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति की बैठक

**धार .** आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, धार में समय-सीमा बैठक के साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी की अध्यक्षता में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 .0 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरू॥ह), जिला स्वास्थ्य अधिकारी, एन.टी.सी.पी.नोडल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में अभियान की रूपरेखा, विभागवार गतिविधियाँ एवं तंबाकू मुक्त विद्यालय, ग्राम पंचायत तथा संस्थान घोषित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।





# दीपावली मिलन में 150 से ज्यादा गांव, राजपूत समाज जनों का जमावड़ा

**शादी विवाह में फिजूल खर्ची रोकने, खर्च को सीमित करने की बात पर सहमति**

**धार/घाटा बिल्लौद। आज राजपूत समाज में सर्वाधिक फिजूल खर्ची शादी विवाह टिका तेवारी में हो रही है, इससे समाज का बड़ा वर्ग कर्ज में डूब रहा है। समाज में फिजूल खर्च रोकने के साथ आयोजनों में सीमित मेहमानों को बुलाने पर विचार करने की आवश्यकता है, आज नहीं रुके तो आने वाला समय वर्तमान ओर आने वाली पीढ़ी हमको माफ नहीं करेगी। आवश्यकता है शिक्षा को बेहतर करने की।**

घाटाबिल्लौद के रामानंद गार्डन में मंगलवार सुबह से राजपूत समाजजनों की चहल पहल रही। सुबह 10 बजे से आसपास के 150 से ज्यादा गांव के राजपूत समाजजन बड़ी संख्या में एकत्रित होना शुरू हो गए थे। ठीक 11बजे राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ दीपावली मिलन समारोह की शुरुआत हुई। कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने राजपूत समाज में शादी विवाह और अन्य कार्यक्रमों में लगातार बढ़ती अनाप शनाप फिजूल खर्ची को सीमित करने और खर्च को दायरे में रखने के साथ ही विषय प्रवर्तन किया। कार्यक्रम में अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश प्रभारी दिलीप सिंह पवार लसुड़िया, दूले सिंह राठौर निपानिया, घटाबिल्लौद राजपूत समाज सामूहिक विवाह समिति काशीराम देवड़ा, उदय सिंह पवार मेठवाड़ा, हेम सिंह उटावद, उदय सिंह की ऊपडी, भेरू सिंह पटेल घाटा बिल्लौद, प्रेम सिंह झाड़ी बरोदा, सुरेश सिंह मोथला आदि थे। दूले सिंह राठौर ने वर्तमान समय में सामाजिक परिदृश्य में आ रही कुर्तियों के बारे में विस्तार से समझाया और इन्हें दूर करने का आव्हान किया श्री राठौर ने कहा कि हम बढ़ चढ़कर बड़े-बड़े आयोजन करते हैं जिससे व्यक्ति की आर्थिक स्थिति समाज में कमजोर है वह भी देखा देखी शादी विवाह में अनावश्यक खर्च कर रहा है इसे सीमित करने की आवश्यकता है। बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने की महती आवश्यकता पर भी दुले सिंह जी ने विस्तार से प्रकाश डाला। उदय सिंह पवार मेंठवाडा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सब का उद्देश्य किसी भी परंपरा या रीति रिवाज को रोकना नहीं है बंद करना नहीं है हमें यह ज्ञान होना चाहिए की परंपराएं और रीति रिवाज सीमित मात्रा में और रिश्तेदार परिवार जनों के बीच हो जिससे कि आर्थिक बोझ तो कम होगा ही, बेवजह के फिजूल खर्चो से भी मुक्ति मिलेगी।आयोजन में विशेष रूप से मोहन सिंह कुवरसी, नारायण सिंह कुवरसी, माधव सिंह जी सगड़ी, कैलाश पटेल गुणवाद, भारत पटेल ,देदला, मलखान सिंह जी सांगवी, मुकेश सिंह मंत्री बडछपरा,निर्भर सिंह पटेल एकलदूना, सुरेश सिंह मोथला,बलराम पटेल पिपलिया, सुरेश सिंह मिंडा,भारत देवड़ा चंबल बरोदा, केवलसिंह जी पलवाड़ा, विकास सिंह पटेल, कलसाडा, दिनेश कामदार नवल सिंह डीगलाए, नागू सिंह सिलोदा, भगवान सिंह पटेल अनारद,मेहरबान सिंह मोथला , मोहन पटेल नेकपुर, लक्की बगोदा,महेश पटेल घटोदा आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन कमलेश्वर सिंह सिसोदिया।बारात में नाच गाना, लड़कियों के डांस का चलन हमारी परंपरा नहीं दिलीप सिंह पवार लसूडिया ने बताया कि हम बारात में डीजे और लड़कियों डांस बढ़ावा दे रहे हैं हमारी परंपरा का हिस्सा नहीं है इससे समाज में नौजवान पीढ़ी पर विपरीत असर पढ़ रहा है यह हमारे लिए घातक है इसी व्यवस्थाओं को रोकना चाहिए।

### यह करेंगे दहेज मुक्त शादी

कार्यक्रम के दौरान समाज में फिजूल खर्ची पर रोक लगाने और सीमित शगुन या दहेज मुक्त शादी करने वालों का संकल्प भी लिया गया।इसमें प्रमुख रूप से बने सिंह जी देलमी, चंदर सिंह जी देलमी, मेहरबान सिंह जी मोरगांव, जितेंद्र सिंह जी भीचोली, दिलीप सिंह पटेल कलसाडा, बद्री सिंह पटेल एकलदूना, इंदर सिंह सेजवानी, बनेसिंह जी कमदपर, अर्जुन सिंह भीचोली आदि ने अपने लड़कों की शादी को शादी में दहेज मुक्त शादी करने का संकल्प लिया इसके साथ ही एक दर्जन से ज्यादा समाज जनों ने ने अपने लडको की शादी में दहेज नहीं लेने की बात पर सहमति भी दी।



## मध्यप्रदेश को दिलाया द्वितीय स्थान

**धार** । 69वी शालाए राष्ट्रीय स्तरीय स्कूल गेम्स 2025- 26 ताइक्कांडो में अंडर 14 बालक वर्ग के मध्य कोहिमा , नागालैंड संपन्न हुई । जिसमें धार जिले से मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले कर्तव्य ठाकुर( पिता भगवान सिंह ठाकुर) ने 21 कि. ग्रा वर्ग में पहला मुकाबला गुजरात से 10 - 2 , द्वितीय झारखंड से 15- 6 , क्वार्टर फाइनल फाइड नागालैंड से 11- 4 , सेमीफाइनल फाइट पंजाब से 18 - 14, और फाइनल फाइट महाराष्ट्र से 4- 6 के अंतर में खेलकर रजत पदक पर कब्जा जमाया । धार आने पर नवकिरण कोर , एवं धार पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने पुष्प माला पहनकर सम्मानित किया एवं इसी तरह प्रदेश के लिए मेडल लाने के लिए प्रेरित कर मार्गदर्शन किया । कोच गगन सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है । जिला ताइक्कांडो अध्यक्ष श्री प्रवीण सिंह तोमर ने नन्हे बच्चे का उत्साहवर्धन करते हुए उसे कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया , बैडमिंटन कोच श्री शमशेर यादव सर ने भी कर्तव्य का हौसला बढ़ाया धार आने पर सभी पालकगण व साथियों ने भव्य स्वागत किया ।

## पवन चक्की वालों ने लेडगांव नगर में किसानों के निकलने का रास्ता कई दिनों से किया बंद

***हरे भरे वृक्षो की चढ़ाई बली***

**सरदारपुर** । वर्षा बंद होने के बाद किसानों का हांकने,जोतने एवं बोवनी,का समय है रास्ता बंद कर रखा है किसान बहुत परेशान है किसानों के द्वारा बार-बार निवेदन करने पर भी नहीं सुन रहे हैं, शासन प्रशासन एक पेड़ मां के नाम लगाने की दे रहे हैं प्रेरणा वहीं दूसरी और दसई पवन चक्की वालों के द्वारा बड़े वृक्षों को काट काटकर फेका जा रहा वही पवनचक्की वालों द्वारा लेडगांव पंचायत में कई दिनों से किसानों का निकलने का रास्ता बंद कर रखा है हम आपको बता रहे हैं कि किसानों का इस समय बोवनी का समय चल रहा है लेडगांव में पवन चक्की नंबर 82 द्वारा किसानों का रास्ता कई दिनों से रोक रखा है जिस कारण से किसानों को बोवनी के लिए अपने खेत पर जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है खेत पर जाने के लिए ट्रैक्टर ले जाना तो नामुमकिन है पर मोटरसाइकिल निकालना





मुनकिन है वही पूरा रास्ता बंद कर रखा है जब किसान संबंधित पवन चक्की के अधिकारी कर्मचारी से बात करना चाहता है तो उनके द्वारा सही जवाब नहीं दिया जाता है हम आपको बता दें कि कंपनी में कई छूट भैय्ये एजेंट कर्मचारी है जो बात करना भी पसंद नहीं करते किसानो का रास्ता बंद कर रखा है जो नियम के विरुद्ध है जिस स्थान पर भी पवन लगते हैं वहां पर एक तरफा आतंक मचा रखा है शासन प्रशासन को पवन चक्की कंपनी वालों पर सख्त कार्रवाई करना चाहिए जिससे कि किसानों का रास्ता रोकने का प्रयास न किया जाए एवं हरे भरे वृक्षों को काटा ना जाए काटने पर हजारों रुपए का जुर्माना लगाया जाए और फिर से एक पेड़ मां के नाम लगाने की प्रेरणा दी जाए अपने कार्य को गति देने के लिए किसानों को लालच देकर भ्रमित कर रहे हैं किसान चांद रूपों के लालच में अपनी धरती मां को देकर अपना भविष्य खराब कर रहा है पवन चक्की लगने के बाद कई समस्याएं उत्पन्न होगी फिर किसान ना घर का रहेगा ना घाट का किसान की हालत होगी खराब किसान को लालच देने वाले अपनी कमीशन लेकर हो जाएंगेरफु चक्कर फिर कोई भी नहीं देगा ध्यान एक पवन चक्की पर लाखों रुपए की मोरम भी लगती है जिसकी रॉयल्टी लेते हैं या नहीं यह भी बहुत बड़ा, जांच का विषय है

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का युवा संगम

**सरदारपुर** ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक खण्ड अमझेरा अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर 16 नवंबर 2025 को अमझेरा पुलिस थाने के पीछे युवा संगम कार्यक्रम सम्पन्न होना है , उक्त युवासंगम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो इसे हेतु संघ द्वारा अमझेरा खण्ड के अंतर्गत 100 ग्रामीण बैठकों का लक्ष्य लिया है जिसमें बैठके होना प्रारंभ हो गई है अमझेरा खण्ड के अंतर्गत 181 ग्राम आते हैं प्रत्येक ग्राम से 25 युवाओं को अपेक्षित किया गया है उक्त युवा संगम का उद्देश्य है कि राष्ट्र विकास के हर क्षेत्र में युवाओं की क्या भूमिका होनी चाहिए किस प्रकार वे अपनी भूमिका का




निर्वहन कर सकते हैं इसे हेतू संगम में एक घंटे का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम होंगे जिसमें शाखा के खेल होंगे उसके पश्चात बौद्धिक सत्र आयोजित होंगे जिसमें प्रांत सह कार्यवाहक रघुवीर सिंह जी सिसोदिया का मार्गदर्शन प्राप्त होगा,उसके पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर अमझेरा में भोजन हो कर युवासंगम का समापन होगा ।

उक्त जानकारी अमझेरा खण्ड के खण्ड संघ पालक धर्मेन्द्र पाटीदार द्वारा रॉयल एकेडमी विद्यालय में एक पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को दी जानकारी

## संयम-समृद्धि वर्षावास में तपस्वियों का सम्मान

**नागदा (धार)** चार माह से चल रहे जैन समाज के संयम-समृद्धि वर्षावास के अंतिम दौर में जैन श्री संघ नागदा द्वारा तप आभार एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन कर चातुर्मास के दौरान आत्म-नियंत्रण व आध्यात्मिक अनुशासन और आध्यात्मिक ज्ञान के मार्ग पर चलने वाले तपस्वियों का बहुमान किया गया। समारोह की शुरुआत महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत गीत के साथ की गई। जहां मुख्यातिथि धर्मदास गण परिषद के राष्ट्रीय मंत्री राजकुमार सकलेचा महिदपुर वाले, अध्यक्षता कर रहे धर्मदास गण परिषद के मालवा प्रांत प्रभारी राजकुमार पारख बड़नगर, कार्यक्रम के लाभार्थी अनिल कुमार नाहर, स्थानक वासी श्रावक संघ अध्यक्ष



अभिषेक मोदी, चातुर्मास समिति अध्यक्ष संजय जैनटी, अणु मित्र मंण्डल अध्यक्ष दीपक जैनटी एवं संघ उपाध्यक्ष नवीन सुराणा आदि मंचासिन थे।

वही श्रीसंघ अध्यक्ष एवं चातुर्मास समिति अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत किया, संघ अध्यक्ष अभिषेक मोदी के स्वागत भाषण के पश्चात आठ एवं आठ से ऊपर की तपस्या करने वाले सभी तपस्वियों का अतिथियों द्वारा बहुमान किया गया, इस अवसर पर डॉ प्रशांत चावडा नागदा द्वारा चार माह तक पूज्य संयमप्रभा जी महाराज साहब का निशुल्क इलाज करने पर उनका भी बहुमान किया गया। चार माह तक भोजन व्यवस्था संभालने पर हलवाई सोहन महाराज आदि टीम एवं कार्यालय पर बैठकर सभी के मोबाइल आदि संभालने एवं मेहमानों की व्यवस्था आदि कार्य संभालने पर बुलावड़-करही निवासी आदित्य जैन का भी बहुमान किया गया।

एक नजर | भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष दास ने उनकी को एक करोड़ का चेक प्रदान किया

# एसबीआई ने दिवंगत पुलिसकर्मी के परिजन को 1 करोड़ रुपये का भुगतान किया

**धार,** मंगलवार को एस.पी. धार मयंक अवस्थी जी द्वारा पुलिस विभाग के दिवंगत कर्मचारी स्व. रूपचंद पाटिल की पत्नी को. 1 करोड रु का चेक प्रदान किया । एस.पी. श्री मयंक अवस्थी ने एसबीआई को बीमा राशि भुगतान की त्वरित कार्यवाही के लिए धन्यवाद दिया

भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष दास जी के द्वारा बताया गया कि भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट शाखा के द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस के दिवंगत कर्मचारी, स्व. श्री रूपचंद पाटिल के आधिकारिक नॉमिनी श्रीमती सजन बाई को पूर्ण




आकस्मिक मृत्यु बीमा लाभ 1 करोड रु. सफलतापूर्वक और शीघ्रता से वितरित कर दिया गया ।

स्व. श्री रूपचंद पाटिल की दुर्घटना होने से दिनांक 20 मार्च 2025 को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी । मनीष दास जी के द्वारा बताया गया है कि भारतीय स्टेट बैंक और मध्य प्रदेश पुलिस पी.एच.क्यू. भोपाल के बीच दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को हुए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत, पुलिस वेतन पैकेज खाते द्वारा प्रदान किए गए व्यापक लाभों के माध्यम से, जिसमे दुर्घटना बीमा राशि रु. 1 करो? का लाभ नॉमिनी को प्रदान किया गया 7 यह पैकेज विशेष रूप से अप्रत्याशित त्रासदी के समय पुलिस कर्मियों के परिवारों को मजबूती भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री मनीष दास जी ने कहा, स्व. श्री रूपचंद पाटिल के निधन से हमें गहरा दुख हुआ है। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

यह सुनिश्चित करना कि नॉमिनी को उनका उचित लाभ तुरंत मिले, हमारे समाज की सेवा करने वालों का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।भारतीय स्टेट बैंक मध्य प्रदेश पुलिस के सभी कर्मियों और उनके परिवारों को व्यापक और सहायक वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है।

## अमझेरा में 16 नवंबर को होगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विशाल युवा संगम

**धार.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विशाल युवा सगम,181 ग्राम केयुवा होंगे शामिल,16 नवंबर को अमझेरा में होगा संपन्न जय श्री राम के, जयकारों से गूंजेगा अमझेरा नगर,,, सरदारपुर न्यूज़राष्ट्रीय स्वयंसेवक खण्ड अमझेरा अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर 16 नवंबर 2025 को अमझेरा पुलिस थाने के पीछे युवा संगम कार्यक्रम सम्पन्न होना है , उक्त युवासंगम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो इसे हेतू संघ द्वारा अमझेरा खण्ड के अंतर्गत 100 ग्रामीण बैठकों का लक्ष्य लिया है जिसमें बैठके होना प्रारंभ हो गई है अमझेरा खण्ड के अंतर्गत 181 ग्राम आते हैं प्रत्येक ग्राम से 25 युवाओं को अपेक्षित किया गया है उक्त युवा संगम का उद्देश्य है कि राष्ट्र विकास के हर क्षेत्र में युवाओं की क्या भूमिका होनी चाहिए किस प्रकार वे अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं इसे हेतू संगम में एक घंटे का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम होंगे जिसमें शाखा के खेल होंगे उसके पश्चात बौद्धिक सत्र आयोजित होंगे जिसमें प्रांत सह कार्यवाहक जी श्री रघुवीर सिंह जी सिसोदिया का मार्गदर्शन प्राप्त होगा,उसके पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर अमझेरा में भोजन हो कर युवासंगम का समापन होगा


नवभारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180